लोक सभा अध्यक्ष ने रथ यात्रा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं

नई दिल्ली, 11 जुलाई, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने रथ यात्रा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा, "रथ यात्रा 2021 के पावन अवसर पर देशवासियों को अनंत शुभकामनाएँ। भगवान जगन्नाथ विश्व के नाथ हैं। मेरी भगवान जगन्नाथ, महाप्रभु बलभद्र, देवी सुभद्रा और प्रभु सुदर्शन से यही प्रार्थना है कि वे सभी को स्वास्थ्य, समृद्धि और ज्ञान का आशीर्वाद दें। जय जगन्नाथ।"

श्री बिरला ने यह भी कहा कि एकता और भाईचारा जगन्नाथ संस्कृति का मूल आधार है। इस संस्कृति से हमें विनयशीलता से समाज का उचित दिशा में विकास करने की शिक्षा और प्रेरणा मिलती है। कोविड -19 महामारी के इस कठिन समय में आइए हम सब मिलकर भगवान जगन्नाथ से समाज में शांति, भाईचारे और सद्भाव के लिए प्रार्थना करें।